# केवल अभ्यास हेतु नमूना प्रश्न–पत्र
## Sample Question Paper for Practice Only
## हायर सेकेण्डरी परीक्षा–2025
## Higher Secondary Examination-2025
## विषय–लेखाशास्त्र
## Subject-Accountancy
## (Hindi & English Versions)

| Total Questions | Total Printed Pages | Time | Maximum Marks |
|---|---|---|---|
| 23 | 8 | 03:00 Hours | 80 |

**निर्देश :**

I. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।
II. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप-प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।
III. प्रश्न क्रमांक 6 से 15,प्रत्येक प्रश्न 2अंक,शब्द सीमा 30 शब्द।
IV. प्रश्न क्रमांक 16 से 19,प्रत्येक प्रश्न 3 अंक, शब्द सीमा 75 शब्द।
V. प्रश्न क्रमांक 20 से 23, प्रत्येक प्रश्न 4 अंक,शब्द सीमा 120 शब्द।
VI. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
VII. संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का कोई बंधन नहीं है।

**Instructions:**

I. All questions are compulsory.
II. Questions no.1 to 5 are objective type questions. Each sub-question carries 1 mark.
III. Questions no. 6 to 15, each question 02 marks, word limit 30 words.
IV. Questions no. 16 to 19, each question 03 marks, word limit 75 words.
V. Questions no. 20 to 23, each question 04 marks, word limit 120 words.
VI. Questions no.6 to 23 have internal options
VII. There is no limit of words in numerical questions.

---

**1. सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **(1X6=6)**

I. साझेदार का फर्म से संबंध होता है–
(a) स्वामी और सेवक का (b) सेवक का
(c) प्रबंधक का (d) एकाधिकारी का

II. ख्याति है–
(a) एक चल सम्पत्ति (b) एक स्थाई सम्पत्ति
(c) एक मूर्त सम्पत्ति (d) एक कृत्रिम सम्पत्ति

III. नये अनुपात में से पुराना अनुपात घटाने पर प्राप्त अनुपात कहलाता है–
(a) त्याग अनुपात (b) समान अनुपात
(c) लाभ अनुपात (d) हानि अनुपात


Downloaded from www.cclchapter.com

IV. प्रतिभूति प्रीमियम है–

(a) पूँजीगत लाभ (b) आगमगत लाभ
(c) पूँजीगत हानि (d) आगमगत हानि

V. चिट्ठे को कहा जाता है–

(a) संपत्ति विवरण (b) दायित्व विवरण
(c) स्थिति विवरण (d) आय विवरण

VI. आदर्श तरल अनुपात होना चाहिए–

(a) 1:2 (b) 2:1
(c) 2:3 (d) 1:1

**Select the correct answer of the following-**

I. The relationship of partners with the firm is-

(a) As owner and Agent (b) As Servant
(c) As manager (d) As monopolist

II. Goodwill is-

(a) A Current asset (b) A fixed Asset
(c) A tangible Asset (d) An artificial Asset

III. When old ratio is deducted from new ratio, it is called-

(a) Sacrificing Ratio (b) Equal Ratio
(c) Gaining Ratio (d) Loss Ratio

IV. Security premium is-

(a) Capital Profit (b) Revenue Profit
(c) Capital Loss (d) Revenue Loss

V. The balance sheet is called-

(a) Assets Statement (b) Liabilities Statement
(c) Position Statement (d) Income Statement

VI. Ideal liquid Ratio should be –

(a) 1:2 (b) 2:1
(c) 2:3 (d) 1:1

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–** **(1X6=6)**

I. साझेदार बनने के लिये व्यक्ति में.....................करने की योग्यता होनी चाहिए।
II. ख्याति लाभ कमाने में.....................होती है।
III. अंश हरण खाते का शेष चिट्ठे के .....................पक्ष की ओर दर्शाया जाता है।
IV. जिन ऋणपत्रों को अंशो में परिवर्तित किया जा सकता है, उन्हें.................कहते हैं।
V. बैंक अधिविकर्ष को चालू.....................माना जाता है।
VI. अंशों के निर्गमन से प्राप्त रोकड़ ..................... क्रिया है।

**Fill in the blanks-**

I. To be a partner of a firm, the person must have ability of.....................
II. Goodwill is.....................to earn profit.
III. The balance of share forfeited A/C is shown in ..................... side of the balance sheet.
IV. The debentures which can be converted into shares are called..................... debentures.
V. The bank overdraft is treated as .................. liability.
VI. Cash received from the issue of shares is ................activity.


Downloaded from www.cclchapter.com

**3. सत्य/ असत्य में उत्तर लिखिए :** **(1X6=6)**

I. साझेदारी समझौते के अभाव में लाभ विभाजन पूँजी के अनुपात में किया जाता है।
II. साझेदारी फर्म का पंजीयन अनिवार्य नहीं है।
III. पुनर्मूल्यांकन खाता संपत्ति के विक्रय पर बनाते हैं।
IV. फर्म के विघटन पर लेनदारों को किया गया भुगतान वसूली खाते मे डेबिट किया जाता है।
V. एक निजी कंपनी प्रविवरण जारी नहीं करती है।
VI. मूल्य ह्रास एक गैर रोकड़ मद है।

**Answer the following in True/False-**

I. In the absence of partnership agreement, the profit is shared in capital ratio.
II. Registration of partnership is not compulsory.
III. Revaluation account is prepared when the assets are sold.
IV. On dissolution of firm, payment made to creditors is debited to realisation account.
V. A private company doesn't issue a prospectus.
VI. Depreciation is a non-cash item.

**4. सही जोड़ियाँ बनाइये -** **(1X7=7)**

| | (A) | (B) |
|---|---|---|
| I. | चालू खाते | (a) कंपनी का समापन |
| II. | त्यागी साझेदार | (b) पूर्णदत्त होना |
| III. | संचिति की राशि का भाग | (c) लेनदार आवर्त अनुपात |
| IV. | व्यापारिक देयताएं | (d) स्थाई पूँजी विधि |
| V. | उधार क्रय | (e) क्षति पूर्ति |
| VI. | ऋणपत्र स्कन्ध | (f) मृत साझेदार का उत्तराधिकारी |
| VII. | संचित पूँजी | (g) विविध लेनदार |

**Match the columns-**

| | (A) | (B) |
|---|---|---|
| I. | Current Account | (a) Winding Up Of Company |
| II. | Sacrificing Partner | (b) Fully Paid |
| III. | Part Amount of Reserve | (c) Creditors Turnover Ratio |
| IV. | Trade Payable | (d) Fixed Capital Method |
| V. | Credit Purchase | (e) Compensation |
| VI. | Debenture Stock | (f) Executor Of Deceased Partner |
| VII. | Reserve Capital | (g) Sundry Creditors |

**5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए -** **(1X7=7)**

I. एक फर्म में साझेदारों की अधिकतम सदस्यों की सीमा क्या है?
II. लेखांकन प्रमाप-10 किससे संबंधित है?
III. कंपनी के आन्तरिक प्रबन्ध से संबंधित प्रलेख को कहते हैं ?
IV. जब्त किये गये अंशों का विक्रय क्या कहलाता है?
V. कंपनी के लाभ को चिट्ठे में किस शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है?
VI. ग्राहकों से प्राप्त रोकड़ कौन सी क्रियाओं का रोकड़ प्रवाह है?
VII. अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर अंशो का निर्गमन कहलाता है?


Downloaded from www.cclchapter.com

**Write answer in one sentence.**

I. What is the maximum number of members a partnership firm can have?
II. Accounting standard-10 is related to?
III. The document which is related with internal management of a company is called?
IV. Sale of forfeited share is called?
V. Under which heading profit of company is shown in the balance sheet?
VI. What type of activity of cash flow is receipt of cash from customers?
VII. Issue of shares at a price higher than its face value is called?

6. साझेदारी संलेख का क्या अर्थ है? **2**
What is partnership Deed?

**अथवा/OR**

फर्म से क्या आशय है?
What is meant by Firm?

7. एक साझेदार के निवृत्त होने के कोई दो कारण बताइये। **2**
Mention any two reasons for the retirement of a partner.

**अथवा/OR**

आन्तरिक कोष से क्या आशय है?
What is meant by internal fund?

8. वसूली खाते को समझाइये। **2**
Explain the realization account.

**अथवा/OR**

फर्म के विघटन के समय कौन से खाते खोले जातेहैं?
Which accounts are prepared on dissolution of firm.

9. न्यूनतम अभिदान से क्या आशय है? **2**
What is meant by minimum subscription?

**अथवा/OR**

अधिकृत पूँजी किसे कहते हैं?
What is Authorized capital?

10. एक कंपनी ने ₹100 वाले 15,000 समता अंश जनता में निर्गमित किये । सम्पूर्ण राशि एक मुश्त प्राप्त हो गयी। कंपनी की पुस्तकों आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिये। **2**
A company issued 15,000 equity shares of ₹100 each to the public. All amounts have been received in lump-sum. Pass the necessary journal entries in the books of company.

**अथवा/OR**

स्कंध क्या है ?
What is stock?

11. अंशो के समर्पण से क्या अर्थ है? **2**
What is meant by Surrender of Shares.

**अथवा/OR**

अंशो के हरण से क्या तात्पर्य है?
What is meant by Forfeiture of shares?


Downloaded from www.cclchapter.com

12. चालू अनुपात तथा तरल अनुपात में कोई दो अंतर लिखिए। **2**
Write any two difference between Current ratio and Liquid ratio?

**अथवा/OR**

शुद्ध लाभ अनुपात की गणना कीजिये :

| | ₹ |
|---|---|
| शुद्ध लाभ | 80,000 |
| विक्रय | 12,80,000 |
| विक्रय वापसी | 80,000 |

Calculate net profit ratio-

| | ₹ |
|---|---|
| Net Profit | 80,000 |
| Sales | 12,80,000 |
| Sales Return | 80,000 |

13. गैर रोकड़ मदें क्या हैं ? **2**
What are Non cash item?

**अथवा/OR**

रोकड़ बहिर्वाह से क्या आशय है?
What is meant by cash outflow?

14. परिवर्तनशील ऋणपत्र से क्या तात्पर्य है? **2**
What are meant by convertible debentures?

**अथवा/OR**

रवि ट्रेडर्स ने ₹2,20,000 की लागत का फर्नीचर क्रय किया। यह तय हुआ कि क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹100 वाले 10% ऋणपत्र के निर्गमन से किया जायेगा। रवि ट्रेडर्स की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियां कीजिए।
Ravi trades purchased furniture costing ₹2,20,000. It was agreed That the purchase consideration be paid by issue of 10% debentures of ₹100 each. Give necessary journal entries in the books of Ravi traders.

15. अवशिष्ट याचना से क्या तात्पर्य है ? **2**
What is meant by calls in Arrears?

**अथवा/OR**

अग्रिम याचना का अर्थ लिखिए।
Write the meaning of calls in advance?

16. ख्याति की उत्पत्ति के कोई तीन कारण लिखिए। **3**
Write any three causes of origin of goodwill.

**अथवा/OR**

जय, विजय और संजय 3:2:1 के अनुपात में लाभ साझा करने वाले साझेदार हैं। वे भविष्य के लाभ को 4:3:1 के अनुपात में साझा करने पर सहमत हुए। अनुपात में परिवर्तन के कारण प्रत्येक साझेदार के लाभ या त्याग के भाग की गणना करें।
Jay, Vijay and Sanjay are partners sharing of profit in the ratio of 3:2:1. The Partner agreed to share future profit in the ratio of 4:3:1. Find out the share of gain and sacrifice of each partner as a result of this change.


Downloaded from www.cclchapter.com

17. हेमंत और जयंत 3:2 के अनुपात में साझेदारी का लाभ हानि बाँटते हैं। उन्होंने 1 जनवरी 2023 को अजय को 1/4 हिस्से के लिए साझेदार बनाया जिसे वह हेमंत और जयंत से समान रूप से लेता है। अजय ₹20,000 पूंजी और ₹8,000 ख्याति के लिए लाता है। आवश्यक नकलबही प्रविष्टियां कीजिए। **3**

Hemant and Jayant are partners sharing profit and losses in the ratio of 3:2. They agreed to admit Ajay into partnership on 1st January 2023 and give him ¼ share of profit which he acquire equally from Hemant and Jayant. Ajay brings Rs. 20,000 as capital and Rs. 8,000 as goodwill. Pass necessary journal entries.

**अथवा/OR**

किसी फर्म में नए व्यक्ति को साझेदार क्यों बनाया जाता है? कोई तीन कारण लिखिए।

Why is a new person admitted to partnership firm as a partner? Write any three reasons?

18. अंश पत्र और ऋण पत्र में कोई तीन अंतर लिखिए । **3**

Write any three difference between Shares and Debentures.

**अथवा/OR**

अनंत लिमिटेड कंपनी ने ₹100 वाले 6%, 8,000 ऋण पत्र 10% बट्टे पर निर्गमित किये। आवेदन पर ₹40 एवं शेष आवंटन पर देय है। कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टि कीजिए।

Anant limited issued 8,000, 6% Debentures of ₹100 each at a discount of 10%, payable ₹40 on application and balance on allotment. Pass necessary journal entries in the books of company.

19. निम्नलिखित मदों को कंपनी के स्थिति विवरण में किस प्रकार दर्शाया जाएगा – **3**

| | ₹ |
|---|---|
| भूमि तथा भवन | 15,00,000 |
| ख्याति | 3,75,000 |
| विपणन योग्य प्रतिभूतियां | 3,00,000 |
| रोकड़ | 75,000 |
| व्यापारिक प्राप्यताएं | 1,95,000 |

Show how the following items will appear in a company's balance sheet-

| | ₹ |
|---|---|
| land and building | 15,00,000 |
| Goodwill | 3,75,000 |
| Marketable securities | 3,00,000 |
| Cash | 75,000 |
| Trade Receivables | 1,95,000 |

**अथवा/OR**

कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार कंपनी के चिट्ठे के समता एवं दायित्व पक्ष के प्रमुख शीर्षकों के नाम लिखिए।

Write the major headings of the "Equity and Liabilities" side of the company's balance sheet as per company's Act 2013.


Downloaded from www.cclchapter.com

20. यश लिमिटेड का शुद्ध औसत लाभ ₹1,68,000 प्रतिवर्ष है, निवेशित पूंजी ₹10,00,000 है, आय की सामान्य दर 12% है, साझेदारों का पारिश्रमिक ₹24,000 है। अधिलाभ के पूँजीकरण विधि द्वारा ख्याति की गणना कीजिए। **4**

The net average profit of Yash Ltd. is ₹1,68,000 per year. Capital invested is ₹10,00,000. Rate of return is 12%. Remuneration of partners is ₹24,000. Calculate goodwill by capitalisation of super profit method.

**अथवा/OR**

त्याग अनुपात और लाभ अनुपात में अंतर लिखिए।

Write the Difference between Sacrificing ratio and Gaining ratio.

21. फर्म से निवृत होने वाले साझेदार को दी जाने वाली राशि की गणना किस प्रकार की जाती है? **4**

How is the amount paid to a partner retiring from the firm calculated?

**अथवा/OR**

पारस, विकास और नितिन एक फर्म में 3:2:1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं। विकास 31 दिसंबर, 2023 को अवकाश ग्रहण करता है। इस दिन साझेदारों की पूंजी खातों के शेष क्रमशः ₹6,000, ₹5,000 और ₹4,000 थे। ख्याति का मूल्य ₹4,500 आँका गया, जो पुस्तकों में नहीं दर्शायी जावेगी। पुनर्मूल्यांकन के आधार पर मशीन ₹1,200 तथा स्कंध ₹800 कम कर दिया गया। संदिग्ध ऋणों के लिए ₹280 संचित किए गये। लेनदारों की राशि ₹600 कम कर दी गई और पेटेंट, जिसका पुस्तकीय मूल्य ₹300 था, निर्मूल्य हो गया। लाभ-हानि समायोजन खाता तथा साझेदारों के पूंजी खाते बनाइए।

Paras, Vikas and Nitin are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3:2:1. Vikas retires on 31st Dec 2023.On this day the balances of Capital Accounts were ₹6,000, ₹5,000 and ₹4,000. Goodwill is valued at ₹4,500 which will not appear in the books. On the basis of revaluation, machine and stocks are reduced by ₹1,200 and ₹800 respectively. Provision of ₹280 is made for doubtful debts. The creditors are reduced by ₹600 and the patents of which the book value was ₹300 became valueless. Prepare profit and loss adjustment account and partner's Capital Account.

22. अंशो के हरण की प्रक्रिया लिखिए। **4**

Write the procedure of forfeiture of shares.

**अथवा/OR**

एक कंपनी ने 2,000 साधारण अंश ₹10 वाले 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये। A जिसके पास 200 अंश थे, ने ₹2 प्रति अंश की दर से अंतिम याचना का भुगतान नही किया और उसके अंशो का हरण कर लिया गया। हरण किये गये अंशो में से आधे अंश ₹8 प्रति अंश की दर से पुनः निर्गमित कर दिये। हरण एवं पुनः निगर्मन से संबंधित रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

A company issued 2,000 equity shares of ₹10 each at a premium of 10%. The final call of ₹ 2 was not paid by A, Who holds 200 shares and his shares were forfeited, Half of the forfeited shares were reissued at ₹8 fully paid up. Give journal entries for the forfeiture and reissue of shares.



Downloaded from www.cclchapter.com

23. अप्रत्यक्ष विधि के अन्तर्गत संचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह ज्ञात करने की विधि का वर्णन कीजिए। **4**

Explain the method of calculating "Cash flow from operating activities" under indirect method.

**अथवा/OR**

निम्न सूचनाओं से संचालन संबंधी क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिये–

| **विवरण** | **31-03-2022 (₹)** | **31-03-2023 (₹)** |
|---|---:|---:|
| लाभ हानि का आधिक्य | 2,40,000 | 2,20,000 |
| देनदार | 1,24,000 | 1,00,000 |
| अदत्त किराया | 84,000 | 48,000 |
| ख्याति | 1,52,000 | 1,60,000 |
| पूर्वदत्त बीमा | 8,000 | 16,000 |
| लेनदार | 76,000 | 52,000 |

Calculate cash flow from operating activities from the following information-

| **Particulars** | **31-03-2022 (₹)** | **31-03-2023 (₹)** |
|---|---:|---:|
| Surplus in Profit and Loss | 2,40,000 | 2,20,000 |
| Debtors | 1,24,000 | 1,00,000 |
| Outstanding Rent | 84,000 | 48,000 |
| Goodwill | 1,52,000 | 1,60,000 |
| Prepaid Insurance | 8,000 | 16,000 |
| Creditors | 76,000 | 52,000 |

----



Downloaded from www.cclchapter.com